# जनवरी में लॉन्च होगी 10 हजार भूखंड की आईटी सिटी योजना

## जमीन देने वालों को पहले आवंटित होंगे प्लॉट, लैंड पूलिंग से जुटाई जा रही जमीन

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** सुल्तानपुर रोड पर विकसित की जा रही एलडीए की आईटी सिटी योजना जनवरी में लॉन्च हो जाएगी। यहां करीब 10 हजार प्लॉट विकसित किए जा रहे हैं। सबसे पहले उन लोगों को प्लॉट आवंटित होंगे, जिन्होंने योजना के लिए अपनी जमीन निशुल्क दी है। इसके बाद सभी के लिए पंजीकरण खोला जाएगा। यहां करीब एक लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी।

आईटी सिटी योजना सुल्तानपुर रोड व किसान पथ से सीधे जुड़ी है। करीब 2660 एकड़ की इस योजना में 72 से लेकर 200 वर्ग मीटर तक के प्लॉट होंगे। योजना में इन गांवों की जमीन शामिल : बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकंदरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, मोहारी कला, खुजौली और भटवारा।

जमीन लैंड पूलिंग के जरिये जुटाई जा रही है। जमीन देने वाले को एलडीए 25 प्रतिशत विकसित जमीन देगा। इससे जमीन देने वालों को मुआवजे की तुलना में कई गुना फायदा होगा।

इसी वजह से लोग तेजी से अपनी जमीन दे रहे हैं। योजना में लगभग 400 एकड़ जमीन औद्योगिक क्षेत्र व 200 एकड़ व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आरक्षित रहेगी।

### यह भी होगा खास

- 200 एकड़ हरित बेल्ट के बड़े भू-भाग पर गोल्फ सिटी बनाई जाएगी।
- 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बॉडी योजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा।
- 5 करोड़ की लागत से योजना को किसान पथ से जोड़ने के लिए दो किमी लंबा संपर्क मार्ग बनेगा।

“ आईटी सिटी के लिए जमीन देने वालों को प्लॉट आवंटित करने के लिए जनवरी में लॉटरी होगी। इसके बाद आम लोगों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा।

**-प्रथमेश कुमार, वीसी एलडीए**